...निवर्सिटी छात्रसंघ (डूसू) चुनाव से ...हले हजारों छात्र-छात्राओं को यह ...हफा देकर भाजपा चुनाव को भी ...धने का प्रयास करेगी। इन बसों में

...जा सके। साथ ही दोनों कैंपस में स्थित डीयू के 67 कॉलेजों, उनके आसपास के मेट्रो स्टेशनों और अन्य प्रमुख स्थानों को भी जोड़ने की योजना बनाई गई है।

...उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है, जो दोनों विभागों के 20 वर्षों में एक करोड़ व उससे अधिक के मध्यस्थता निर्णयों की समीक्षा रिपोर्ट तैयार करेगी।

...निकाली गई थी, जिसे बाद में बदला गया। भारद्वाज ने दावा किया कि ईडी अफसर करीब 18-19 घंटे तक उनके घर रहे, लेकिन उन्हें कुछ नहीं मिला।

...पहले तो ईडी के अधिकारी ने मेरे बयान को किसी से साझा किया और किसी से बात की। इसके बाद बयान में से कुछ हिस्सों को हटाने का दबाव बनाया गया।

...राजधानी में अगले कुछ दिन तक बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिल्ली एनसीआर में गरज चमक के साथ

...इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान 30.6 डिग्री

...फिर बाद खतरे के निशान को किया पार कर गया। देर शाम यमुना का जलस्तर 205.35 मीटर तक पहुंचा जबकि खतरे के निशान का स्तर 205.33 मीटर है।

**खुलासा** | **एनजीटी ने डीपीसीसी को मानकों पर खरे नहीं उतर रहे एसटीपी पर कार्रवाई के निर्देश दिए, शुद्धिकरण तकनीक की भी जांच होगी**

# सफाई के लिए लगे एसटीपी ही यमुना की सेहत बिगाड़ रहे

■ **निखिल पाठक**

**नई दिल्ली।** राजधानी में यमुना की सफाई में बड़ी भूमिका निभाने वाले 37 एसटीपी में से 38 फीसदी गंदे पानी को साफ करने में नाकाम साबित हो रहे हैं। यह खुलासा राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के समक्ष हाल ही में पेश रिपोर्ट से हुआ है।

दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) की ओर से हाल ही में दाखिल रिपोर्ट में बताया गया कि दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के कुल सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स (एसटीपी) में से केवल 23 ही मानकों पर खरे उतरे, जबकि 14 एसटीपी फीकल कोलीफॉर्म समेत कई मानकों को पूरा नहीं कर पाए। एनजीटी ने इसे बेहद चिंताजनक बताते हुए यमुना की सफाई की राह में बड़ी बाधा करार दिया।

जल बोर्ड ने अपनी स्थिति रिपोर्ट में कहा कि अधिकांश एसटीपी में अल्ट्रावॉयलेट (यूवी) और क्लोरीनेशन तकनीक से कीटाणु शोधन किया जा रहा है, लेकिन एनजीटी ने इस पर सवाल उठाया कि अब तक किसी सक्षम प्राधिकरण ने यूवी तकनीक को मान्यता नहीं दी है। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की अध्यक्षता वाली पीठ ने आईआईटी दिल्ली को जांच के आदेश देते हुए यह बताने के लिए कहा है कि यूवी तकनीक कितनी प्रभावी है।

**38**
**फीसदी एसटीपी मानकों पर नहीं उतर रहे खरे**

## डीपीसीसी को कार्रवाई के निर्देश

एनजीटी ने डीपीसीसी को भी निर्देश दिया है कि जो एसटीपी तय मानकों पर खरे नहीं उतर रहे, उनके खिलाफ सुधारात्मक और दंडात्मक कार्रवाई की जाए। साथ ही आठ हफ्तों के भीतर विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट दाखिल करें। मामले की अगली सुनवाई 11 नवंबर को होगी।



## राजधानी के इन क्षेत्रों में लगे हुए हैं एसटीपी

यमुना विहार (फेज-एक, दो व तीन), कोंडली (फेज-एक, दो, तीन व चार), सोनिया विहार, चिल्ला, रोहिणी, नरेला, रिठाला, कापसहेड़ा, केशवपुर, नजफगढ़, ओखला, ओखला न्यू, वसंत कुंज, घिटोरनी, दिल्ली गेट, महरौली, निलोठी, पप्पनकलां व अन्य।

■ यमुना की सफाई को लेकर दिल्ली सरकार की ओर से कई प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में यह खुलासा चिंता का विषय है। इसे लेकर जल बोर्ड ने जल्द नीति बनाने की बात कही है।

# तिब्बिया अस्पताल में डेंटल यूनिट शुरू

**नई दिल्ली, व. सं.।** दिल्ली के आयुर्वेदिक एवं यूनानी तिब्बिया कॉलेज एवं अस्पताल में अब दांतों का इलाज भी मिल सकेगा। बुधवार को दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने यहां डेंटल यूनिट का उद्घाटन किया।

इस यूनिट का संचालन मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस के सहयोग से किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने बताया कि अस्पताल में खुले डेंटल केयर यूनिट में दिल्ली के नागरिकों को प्रत्येक मंगलवार और गुरुवार को ओपीडी सेवाओं का लाभ मिलेगा।

यूनिट के उद्घाटन के बाद स्वास्थ्य मंत्री ने तिब्बिया अस्पताल के परिसर और ओपीडी ब्लॉक का बारीकी से निरीक्षण किया।

# 'नियम न मानने वाले निजी स्कूलों पर कार्रवाई होगी'

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली स्कूल एजुकेशन एक्ट (डीएसईएआर) 1973 कानून में डीडीए से जमीन लेने वाले केवल 300 प्राइवेट स्कूल को रेगुलेट करने का ही प्रावधान था। नया एक्ट लागू होने के बाद अब सभी 1700 निजी स्कूलों पर सरकार का आदेश लागू होगा। नए कानून के अनुसार अब सभी निजी स्कूल इसके दायरे में आ गए हैं।

ये बातें दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बुधवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के लॉ सेंटर-2 में दिल्ली स्कूल एजुकेशन (ट्रांसपेरेंसी इन फिक्शेसन एंड रेगुलेशन ऑफ फीस) एक्ट 2025 पर कानून के छात्रों के साथ संवाद में कही। उन्होंने छात्रों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए बताया की यह नवनिर्मित शिक्षा कानून कैसे दिल्ली के नागरिकों के हित में है।

■ **दिल्ली के शिक्षा मंत्री ने छात्रों से किया संवाद**
■ **निजी स्कूल फीस कानून की जानकारी साझा की**

शिक्षा मंत्री ने कहा कि नए शिक्षा कानून में बिना अनुमति फीस बढ़ाने या छात्रों-अभिभावकों का शोषण करने पर 50,000 से 2 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान रखा गया है। साथ ही 20-20 दिन की देरी पर पेनल्टी दोगुनी कर दी जाएगी।

# आयुर्वेद व यूनानी पद्धति में भी दिल्ली को बनाएंगे माडल : मंत्री

- तिब्बिया कालेज में डेंटल केयर यूनिट की शुरुआत करते हुए बोले स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह
- मंगलवार व शुक्रवार को मौलाना आजाद डेंटल कालेज की टीम कालेज में ओपीडी सेवाएं देगी

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली: आधुनिक चिकित्सा के साथ ही आयुर्वेद और यूनानी पद्धति के अस्पतालों का भी सर्वांगीण विकास दिल्ली सरकार की प्राथमिकता है। तीनों पद्धतियों की अपनी मान्यता और असर है। जो जिस पद्धति में इलाज कराना चाहे उसे पूरी सुविधा देने की कोशिश की जा रही है। आधुनिक चिकित्सा पद्धति के साथ ही दिल्ली को आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सा में भी माडल बनाएंगे। यह बातें स्वास्थ्य मंत्री डा. पंकज सिंह ने बुधवार को करोल बाग स्थित आयुर्वेदिक एवं यूनानी तिब्बिया कालेज एवं अस्पताल में डेंटल केयर यूनिट के शुभारंभ के मौके पर कही।

उन्होंने कहा कि डेंटल केयर यूनिट कि मांग लंबे समय से होती रही है। अब सप्ताह में दो दिन मंगलवार व शुक्रवार को मौलाना आजाद डेंटल कालेज की टीम तिब्बिया कालेज आएगी और ओपीडी सेवाएं देगी। इससे पूर्व उन्होंने अस्पताल परिसर में 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' स्वच्छता अभियान में भाग लिया। यूनानी चिकित्सक एवं स्वतंत्रता सेनानी हकीम अजमल खान की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ ही हर्बल गार्डेन में बने नक्षत्र वाटिका और नवग्रह वाटिका का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर आयुष विभाग की निदेशक डा. योगिता मुंजाल, तिब्बिया कालेज के प्रिंसिपल डा. मोहम्मद जुबैर, सहायक निदेशक यूनानी डा. शगुफ्ता नसरीन, आयुर्वेद की एकेडमिक हेड डा. सुजाता राजन, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. विशाल चड्ढा आदि उपस्थित रहे।

# दुकानदार समेत दो को चाकू मारने वाला धरा

जासं, नोएडा: सेक्टर-142 थाना पुलिस ने मंगलवार रात मुठभेड़ में 25 हजार के इनामी दानिश को पैर में गोली लगने के बाद गिरफ्तार किया है। पत्नी को परेशान करने पर उसने दुकानदार और उसके साथी पर तीन जुलाई को चाकू से हमला कर दिया था। दुकानदार 10 दिन तक दिल्ली में सफदरजंग अस्पताल के आइसीयू में भर्ती रहा था।

दानिश दादरी की नई आबादी कालोनी में रहता है। जनवरी 2025 में उसका निकाह हुआ था। जुलाई में पत्नी ने अनजान युवक द्वारा परेशान करने के बारे में बताया तो वह भड़क गया। पता चला कि टायर में पंक्चर लगाने वाला दुकानदार अरबाज उसकी पत्नी को फोन करता है। तीन जुलाई को दानिश ने विरोध किया तो विवाद बढ़ गया। उसने अरबाज पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर दिया शोर सुनकर फैजान बचाने पहुंचा तो उसे भी चाकू मारकर घायल कर दिया। हमले के बाद आरोपित भाग गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

# स्विमिंग पूल परिसर में सामूहिक दुष्कर्म मामले में चार्जशीट दाखिल

**5 अगस्त को आरोपितों ने नौ वर्षीय दो बच्चियों को बंधक बनाकर किया था सामूहिक दुष्कर्म**

जागरण संवाददाता, बाहरी दिल्ली: नरेला सामूहिक दुष्कर्म मामले में बाहरी-उत्तरी जिला पुलिस ने 10 दिन के अंदर 21 अगस्त को चार्जशीट दाखिल कर दी है। नरेला के लामपुर इलाके में स्विमिंग पूल परिसर में बने कमरे में पांच अगस्त को दो बच्चियों को बंधक बनाकर सामूहित दुष्कर्म किया गया था, सात अगस्त को मामला संज्ञान में आने के बाद आठ अगस्त को पुलिस ने पाक्सो एक्ट व संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया था।

पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी स्वामी ने बताया कि इस मामले में आरोपितों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मौजूद थे। इसलिए नरेला थाने के एसएचओ और जांच टीम को निर्देश था कि इस केस में जल्द चार्जशीट दायर करनी है। करीब 100 पेज की इस चार्जशीट में एसआइटी ने तमाम डिजिटल, मैनुअल और फारेंसिक साक्ष्य जुटा लिए थे। मेडिकल रिपोर्ट्स, बच्चियों के बयान, मौके से मिले सामूहिक दुष्कर्म के साक्ष्य भी चार्जशीट में शामिल किए गए। पुलिस अधिकारी के मुताबिक इस केस में तुरंत बाद ही एसआइटी बनाई थी।

**क्या था मामला**

सात अगस्त को स्विमिंग पूल में तैराकी करने गई दो बच्ची के साथ पूल के केयर टेकर और ठेकेदार ने सामूहिक दुष्कर्म किया। नौ अगस्त को पीड़िता के बताने पर मामला सामने आया। टीम ने आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाकर संभावित ठिकानों पर छापेमारी की। कुछ ही समय में दो आरोपितों अनिल कुमार और मुनील कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

# सामूहिक दुष्कर्म के बाद खुदकुशी पर रिपोर्ट मांगी

जासं, गाजियाबाद: लोनी थाना क्षेत्र में मूकबधिर युवती से सामूहिक दुष्कर्म और फिर इससे आहत होकर युवती द्वारा की गई आत्महत्या की घटना का संज्ञान राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने लिया है। आयोग ने प्रदेश के डीजीपी और गाजियाबाद के डीएम से इस घटना के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। दो सप्ताह में इसकी रिपोर्ट आयोग में भेजनी होगी। आयोग के मीडिया एंड कम्युनिकेशन के उप निदेशक जैमिनी कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि रिपोर्ट में जांच की स्थिति और पीड़िता के परिवार को दिए गए मुआवजे (यदि कोई हो) का विवरण भी मांगा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने घटना पर प्रकाशित खबर का संज्ञान लिया है, जिसमें बताया गया कि 21 अगस्त को मूकबधिर सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता अपने घर पर मृत पाई गई। 18 अगस्त को लोनी इलाके में दो आरोपितों ने वारदात को अंजाम दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए रिपोर्ट मांगी गई है।

# भ्रष्टाचार से ध्यान हटाने का कर रहे हैं नाटक : वीरेंद्र सचदेवा

राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में जांच एजेंसियों द्वारा पूछताछ करने पर आम आदमी पार्टी के नेता मीडिया में बने रहने के लिए नौटंकी शुरू कर देते हैं। इंडी ने पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज के आवास पर छापा मारा था। अब वह मीडिया में आकर झूठी बयानबाजी कर रहे हैं। सचदेवा ने कहा, पूर्व मंत्री के बयान से लगता है कि वह अच्छे स्क्रिप्ट राइटर हैं। उन्हें राजनीति में अपना समय व्यर्थ करने की जगह मुंबई जाकर स्क्रिप्ट राइटर बन जाना चाहिए।



वीरेंद्र सचदेवा

सचदेवा ने कहा कि आप नेताओं के व्यवहार में अराजकता, कुशासन और भ्रष्टाचार है। उन्हें यदि जांच एजेंसी पर विश्वास नहीं है तो कानून की मदद ले सकते हैं।

**सौरभ भारद्वाज ने षड्यंत्र का लगाया आरोप**

राब्यू, जागरण • नई दिल्ली: वरिष्ठ आप नेता सौरभ भारद्वाज मंगलवार के ईडी के छापे पर बुधवार को पत्रकार वार्ता कर अपना पक्ष रखा। उन्होंने दावा किया कि उन्हें साजिश के तहत फंसाने की कोशिश की जा रही है। ईडी अधिकारियों ने उनके बयान में जबरन बदलाव करवाने की कोशिश की। भारद्वाज ने मांग की कि ईडी अधिकारी के लैपटाप को सीज कर फोरेंसिक जांच की जाए। भारद्वाज ने एलजी पर आरोप लगाया कि उनको फंसाने के लिए एलजी ने ही अधिकारियों को निर्देश दिए। दूसरी तरफ पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भी भारद्वाज से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि फर्जी रेड से आम आदमी पार्टी नहीं डरेगी।

# 20 वर्षों के मध्यस्थता निर्णयों की होगी समीक्षा, उच्च स्तरीय समिति गठित

## पीडब्ल्यूडी और सिंचाई व बाढ़ नियंत्रण विभाग में 1 करोड़ व उससे अधिक के मध्यस्थता निर्णयों की करेगी समीक्षा

**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी):** भ्रष्टाचार को बर्दाश्त न करने की कड़ी मे दिल्ली की रेखा सरकार ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अतिरिक्त मुख्य सचिव (पीडब्ल्यूडी/आईएंडएफसी) की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है, जो लोक निर्माण विभाग और सिंचाई व बाढ़ नियंत्रण विभाग मे पिछले 20 वर्षों में 1 करोड़ रुपए व उससे अधिक के मध्यस्थता निर्णयों (आर्बिट्रेशन अवॉर्ड) की समीक्षा करेगी। मुख्यमंत्री के अनुसार इस समिति के गठन का उद्देश्य सरकार के विरुद्ध दिए गए निर्णयों की जानकारी, भुगतान की राशि और नुकसान आदि का आकलन करना है। मुख्यमंत्री गुप्ता ने जानकारी दी कि इस उच्च समिति में लेखा परीक्षा नियंत्रक सदस्य व अतिरिक्त महानिदेशक (पीडब्ल्यूडी/ आईएंडएफसी) को सदस्य बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने यह



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

भी बताया कि पीडब्ल्यूडी व बाढ़ एवं सिंचाई नियंत्रण विभाग की आंतरिक वित्त संबंधी सहायक टीम क्रमशः (सीओए) व (डीसीए) के अलावा लेखा परीक्षा निदेशालय की दो लेखा परीक्षा टीमें समिति की सहायता करेंगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अनुसार यह समिति दोनों विभागों में पिछले 20 वर्षों में 1 करोड़ रुपए और उससे अधिक के मध्यस्थता निर्णयों की समीक्षा करेगी। यह समिति ऐसे निर्णयों की वर्षवार व निर्णयवार आंकड़े उपलब्ध कराएगी। इनमें मध्यस्थता मामलों की कुल संख्या भी शामिल है। समिति यह भी विवरण देगी कि इन वर्षों में सरकार के खिलाफ कितने निर्णय दिए गए। इनमें भुगतान की राशि की तो जानकारी शामिल होगी ही, साथ ही समिति यह भी विवरण देगी कि इन निर्णयों में सरकार को कितना नुकसान उठाना पड़ा।

### मध्यस्थता निर्णयों से सरकार को उठाना पड़ रहा है आर्थिक नुकसान

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि इस समीक्षा का उद्देश्य कानूनी विवादों से होने वाले वित्तीय नुकसान की सीमा का आकलन करना और पिछले दो दशकों में सार्वजनिक धन के खर्च या नुकसान के बारे में पारदर्शिता लाना है। मुख्यमंत्री के अनुसार ऐसा देखा जा रहा है कि मध्यस्थता निर्णयों से सरकार को लगातार आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि अभी हाल ही में उन्होंने बारापुला फेज-III कॉरिडोर के निर्माण में अनियमितताओं और देरी के कारण उत्पन्न मध्यस्थता मामले की जांच भ्रष्टाचार निरोधक शाखा से कराने का आदेश दिया था। अक्टूबर 2017 में पूरी होने वाली इस परियोजना में बार-बार देरी हुई और अंततः मध्यस्थता का मामला सामने आया। यह फैसला ठेकेदार के पक्ष में आया और उसे 120 करोड़ रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया गया। जब भुगतान रोक दिया गया, तो कंपनी ने उच्च न्यायालय का रुख किया, जिसने मई 2023 में लोक निर्माण विभाग को ब्याज और जीएसटी सहित 175 करोड़ रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया। इस राशि का भुगतान तत्कालीन आप सरकार की लोक निर्माण मंत्री आतिशी के कार्यकाल के दौरान किया गया।

### केवल अदालत में होगा विभाग-ठेकेदार विवाद का निपटारा

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार के अनेक उदाहरण पिछली सरकार के कार्यकाल में सूचित हुए हैं, जिसके बाद हमारी सरकार को समिति के गठन और इनकी जांच का निर्णय लेना पड़ा। मुख्यमंत्री के अनुसार इस तरह की आर्थिक अनियमितताएं रोकने के लिए हमारी सरकार ने विकास कार्यों से जुड़ी अनुबंध शर्तों से मध्यस्थता की धाराएं हटाने का भी निर्णय लिया है। अब भविष्य में विभाग और ठेकेदार के बीच होने वाले किसी भी विवाद का निपटारा केवल अदालत में ही किया जाएगा।

# आयुष चिकित्सा के क्षेत्र में दिल्ली को बनाएंगे रोल मॉडल : डॉ. पंकज



**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) :** राजधानी दिल्ली को पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों आयुर्वेदिक, यूनानी, होमियोपैथी जैसे आयुष चिकित्सा के क्षेत्र में दिल्ली को पूरे देश में रोल मॉडल बनाएंगे। यह बात स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने करोल बाग स्थित आयुर्वेदिक एवं यूनानी तिब्बिया कॉलेज एवं अस्पताल परिसर में डेंटल केयर यूनिट के शुभारंभ अवसर पर कहा। दिल्ली के आयुर्वेदिक एवं यूनानी तिब्बिया कॉलेज एवं अस्पताल के डॉक्टर्स को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हमारी आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा विज्ञान एक ऐसा खज़ाना है, जिससे पूरी दुनिया ने भारत से ही सीखा है, लेकिन आज हम आयुष का प्रचार-प्रसार और विकास उतना नहीं कर पा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने डॉक्टर्स को भरोसा दिया कि हम सब साथ मिलकर राजधानी को पारंपरिक चिकित्सा जैसे आयुर्वेदिक और यूनानी चिकित्सा पद्धतियों के क्षेत्र में रोल मॉडल बनाएंगे। मौके पर आयुष विभाग की निदेशक डॉ. योगिता मुंजाल, तिब्बिया कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मोहम्मद जुबैर समेत डॉक्टर्स आदि मौजूद रहे।

**स्वास्थ्य मंत्री ने आयुर्वेदिक एवं यूनानी तिब्बिया कॉलेज एवं अस्पताल में डेंटल केयर यूनिट का किया शुभारंभ**

### हकीम अजमल खान की प्रतिमा पर पुष्पांजलि की अर्पित

दिल्ली के आयुर्वेदिक एवं यूनानी तिब्बिया कॉलेज एवं अस्पताल पहुचे स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने सबसे पहले परिसर के हर्बल गार्डन में लगे महान यूनानी चिकित्सक एवं स्वतंत्रता सेनानी मसीह-उल-मुल्क हकीम अजमल खान की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान अस्पताल के हर्बल गार्डन में बने नक्षत्र वाटिका और नवग्रह वाटिका का लोकार्पण करने के साथ खुद वृक्षारोपण भी किया। स्वास्थ्य मंत्री ने तिब्बिया कॉलेज एवं अस्पताल में मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस के सहयोग से खोले गए डेंटल केयर यूनिट का शुभारंभ किया। डेंटल केयर यूनिट में दिल्ली के नागरिकों को प्रत्येक मंगलवार और गुरुवार को ओपीडी सेवाओं का लाभ मिलेगा।

# स्क्रैप कंपनियों ने दिल्ली में 100 करोड़ से अधिक का किया घोटाला : कांग्रेस

**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) :** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश की ...

**● एनफोर्समेंट एजेंसियों के पास स्क्रैपिंग कंपनियों ...**

काम किया है। घोटाले का खुलासा करते हुए पत्र में बताया है कि एनफोर्समेंट एजेंसियों के पास स्क्रैपिंग ...

# मेरे 13 ठिकानों का पता बताए ईडी ताकि उस पर कब्जा ले सकूं: भारद्वाज

**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी):** आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ...

### ईडी की फर्जी रेड से डरेगी नहीं 'आप': सिसोदिया

**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) :** आम आदमी पार्टी ... जांच करने का सिर्फ ड्रामा किया। सिसोदिया ने कहा कि ...

# सौरभ भारद्वाज की प्रेस वार्ता को सचदेवा ने बताया नौटंकी

**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी):** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को आम आदमी पार्टी के दिल्ली अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज द्वारा की गई प्रेसवार्ता को एक नौटंकी करार दिया और कहा कि आप और उसके नेताओं की यह पुरानी नीति है कि जब भी जांच एजेंसियां उनकी पार्टी द्वारा किए गए भ्रष्टाचार पर पूछताछ ...

Thursday, August 28, 2025, New Delhi, www.inquilab.com

# وزیر صحت پنکج کمار سنگھ نے یونانی طبیہ کالج میں ڈینٹل کیئر یونٹ کا افتتاح کیا

نئی دہلی (اسٹاف رپورٹر) دہلی کے وزیر صحت ڈاکٹر پنکج کمار سنگھ نے آج قرول باغ میں آیورویدک اور یونانی طبیہ کالج اور ہسپتال کے کیمپس میں مولانا آزاد انسٹی ٹیوٹ آف ڈینٹل سائنسز کے تعاون سے کھولے گئے ڈینٹل کیئر یونٹ کا افتتاح کیا۔ اس موقع پر وزیر نے کلین دہلی، صحت مند دہلی کے وژن کو پورا کرنے کے لیے ہسپتال کیمپس میں دہلی کو کوڑے سے آزادی 'صفائی مہم میں حصہ لیا۔ اس مہم میں شامل ہسپتال کے صفائی ملازمین کو بھی اعزاز سے نوازا۔ اس موقع پر محکمہ آیوش کی ڈائریکٹر ڈاکٹر یوگیتا منجال، طبیہ کالج کے پرنسپل ڈاکٹر محمد زبیر کے ساتھ ڈاکٹر اور ملازمین بھی موجود تھے۔ وزیر صحت نے سب سے پہلے کیمپس کے جڑی بوٹیوں کے باغ میں عظیم یونانی طبیب اور آزادی پسند مسیح الملک حکیم اجمل خان جی کے مجسمے پر گلہائے عقیدت پیش کیے۔ انہوں نے مولانا آزاد انسٹی ٹیوٹ آف ڈینٹل سائنسز کے تعاون سے طبیہ کالج اور ہسپتال میں کھولے گئے ڈینٹل کیئر یونٹ کا افتتاح کیا۔ ہسپتال میں کھولے گئے ڈینٹل کیئر یونٹ میں دہلی کے شہریوں کو ہفتے کے ہر منگل اور جمعرات کو



او پی ڈی خدمات کا فائدہ ملے گا۔ اس کے علاوہ اگر ضرورت پڑی اور مریضوں کی تعداد میں اضافہ ہوا تو مستقبل میں او پی ڈی سروس کے دنوں میں اضافہ کیا جا سکتا ہے۔ وزیر صحت ڈاکٹر پنکج کمار سنگھ نے طبیہ کالج اور ہسپتال کیمپس اور او پی ڈی بلاک کا قریب سے معائنہ کیا اور ہسپتال میں علاج کے لیے داخل مریضوں سے بات کر کے رائے لی۔ دہلی کے آیورویدک اور یونانی طبیہ کالج اور ہسپتال کے ڈاکٹروں سے خطاب کرتے ہوئے وزیر صحت ڈاکٹر پنکج کمار سنگھ نے کہا کہ ہماری آیورویدک اور یونانی طبی سائنس ایک ایسا خزانہ ہے کہ پوری دنیا نے ہندوستان سے سیکھا ہے، لیکن آج ہم آیوش کو اتنا فروغ اور ترقی نہیں دے پا رہے ہیں جس کی دارالحکومت دہلی کے ساتھ ساتھ ملک کو ضرورت ہے، جو کہ ہر ایک کے لیے تشویش کا باعث ہے۔